# कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म०प्र०

## –:: चतुर्थ निविदा की शर्ते ::–

1. वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए, ,दवाईयॉ, विधुत सामग्री एवं अन्य सामग्री के क्रय की कार्यवाही मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम, 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित – 2022 ) के अंतर्गत ई–टेण्डरिंग के माध्यम से अर्थात् ऑनलाईन की जाएगी।
2. निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा शुल्क ठेके की लागत 5 लाख तक रू. 500 एवं 5 लाख से अधिक रू. 1000, प्रति निविदा फार्म ऑनलाईन लेखा शीर्ष 0056– जेलें – 800 अन्य प्राप्तियां में करना होगा ।
3. निविदाएं खंडवार पृथक–पृथक ऑनलाइन जमा की जाएंगी। निविदा में 3 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति की राशि खंडानुसार www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जाएगी। 3 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (earnest Money Deposit) की राशि का विवरण निम्नानुसार है :

| क्रमांक | खण्ड का नाम | कुल लागत | 3 प्रतिशत प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | दवाईयां, चिकित्सा उपकरण, लैब सामग्री एवं चिकित्सीय जांच | 2,02,000/– | 6060/– |
| 2 | विधुत सामग्री | 90,000/– | 2700/– |
| 3 | भवन सामग्री | 2,50,000/– | 7500/– |

4. वार्षिक ई– **चतुर्थ** निविदा में दर्शायी गयी वस्तुओं के भाव अधिकतम 30.06.2027 अथवा अगले वर्ष का ठेका स्वीकृत होने तक, जो भी प्रथम हो, वैध रहेंगे ।
5. प्रत्येक निविदाकार को सामग्री की दरें ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होंगी। निविदा में जो दरें प्रस्तुत की जाएं वे समस्त करों सहित होनी चाहिए। पृथक से कोई कर देय नहीं होगा ।
6. उन्हीं निविदाकारों की निविदा स्वीकृत होगी, जो वस्तु एवं सेवाकर (GST) के अंतर्गत रजिस्टर्ड व्यापारी होंगे। प्रत्येक निविदाकार को निविदा के साथ निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से पिछले तीन माह का जी.एस.टी. रिटर्न अथवा पिछली तिमाही (Quarter) का जीएसटी रिटर्न प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. निविदाएं संबंधित जेल कार्यालय में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों एवं क्रय समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को नियत समय पर खोली जाएंगी। तिथि परिवर्तन की सूचना www.mptenders.gov.in पर अपलोड कर एवं जेल के सूचना पटल पर लिखित में चस्पा कर दी जाएगी एवं निविदाकारों को अनिवार्य रूप से सूचित किया जायेगा ।
8. प्रत्येक निविदाकार द्वारा निविदा के साथ आवश्यक रूप से कारागार अधिनियम, 1894 की धारा–10 एवं जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक 05 /वारंट– 3/ भोपाल, दिनांक 28.01.2015 एंव पत्र क्रमांक– 493/निर्वाह शाखा / 2026 भोपाल दिनांक– 09.01.2026 के प्रावधान के अनुसार क्रमशः प्रपत्र –(अ) एवं (ब) में पृथक–पृथक 200–200 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर मूल प्रति में नोटरी द्वारा प्रमाणित कर शपथ पत्र भी आवश्यक रूप से बनाये व इसको ई–टेंडर पोर्टल पर अपलोड करें। शपथ पत्र के अभाव में निविदा मान्य नहीं होगी। प्रत्येक जेल की निविदा के लिए पृथक–पृथक शपथ पत्र बनाया जाए। शपथ पत्रों का प्रारूप निम्नानुसार है :–

## शपथ पत्र–अ

(कारागार अधिनियम–1894 की धारा 10 के प्रावधान के अनुरूप)

मैं.............................................. जो केन्द्रीय /जिला/ सब जेल..............................................

.के लिए सामग्री प्रदाय हेतु फर्म............................के लिए की ओर से निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म..............................मालिक / भागीदार अथवा कोई निकट परिजन मध्यप्रदेश जेल विभाग में किसी भी स्थान पर, किसी भी पद पर नियोजित नहीं हैं।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

## शपथ पत्र – ब

( जेल मुख्यालय का परिपत्र क्रमांक 05 /वारंट–3 बंदी मृत्यु / 2015/ भोपाल दिनांक 28.01.2015)

मै..............................................केन्द्रीय/जिला /सब जेल ..............................................के लिए . की ओर से निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ, शपथ सामग्री प्रदाय हेतु फर्म.............................. जो के पूर्वक घोषणा करता हूँ कि निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म.............................. मालिक /भागीदार किसी भी आपराधिक प्रकरण में जेल से जमानत पर रिहा नहीं है।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

9. तहसील या मंडी या विद्युत साम्रगी /भवन मरम्मत एंव निर्माण सामग्री क्रय समिति की दरें निविदा खोलने की दिनांक के पूर्व प्राप्त न होने की स्थिति में, क्रय समिति के विवेक पर एक सप्ताह में प्राप्त करने की शर्त पर, निविदा खोलने की तिथि बढ़ाई जा सकेगी।
10. निविदा में निविदाकारों द्वारा निम्नानुसार स्वयं हस्ताक्षरित एवं फर्म की सील सहित दस्तावेज ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर अपलोड कराएं जाएंगे। तकनीकी बिड खुलने के पश्चात् ऑनलाईन अपलोड दस्तावेजों का क्रय समिति द्वारा परीक्षण कर, हस्ताक्षर किए जावेंगे। अपठनीय, अस्पष्ट एवं संदेहास्पद दस्तावेज की मूलप्रति मंगाकर जेल अधीक्षक तस्दीक करेंगे। निविदाकार द्वारा मूल प्रतियां प्रस्तुत न करने की दशा में उसकी 03 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति की राशि (E.M.D.) राजसात कर ली जाएगी। तकनीकी बिड में पात्र निविदाकर्ता के ही वित्तीय प्रस्ताव (Financial bid) खोले जायेगें :–

I- आधार कार्ड एवं पैन कार्ड

II- मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अधीन पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र

III- जी.एस.टी. पंजीयन एवं निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से पिछले तीन माह का जी. एस.टी रिर्टन अथवा पिछली तिमाही (quarter) का जी. एस.टी. रिर्टन

IV- विगत 03 वर्षो का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र ।

V- शपथ पत्र ''अ'' एवं ''ब'' ।

VI. अनाज एवं सब्जी विक्रय हेतु कृषि उपज मंडी समिति का वैध लायसेंस ।

VII- खाद्य वस्तुओं / दवाईयों के लिए खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अधीन रजिस्ट्रेशन अथवा वैध अनुज्ञप्ति (लायसेंस) ।

VIII- वस्तुओं के व्यापार संबंधी नगर निगम / नगर पालिका / नगर परिषद का वैध लायसेंस । इन संस्थाओं द्वारा वैध लायसेंस जारी न करने की दशा में उनका स्पष्ट पत्र ।

IX- दवाईयों की निविदा हेतु वैध ड्रग लायसेंस ।

X- निविदा में उल्लेखित सामग्रियों के अपेक्षित नमूनों से संबंधित – पत्र ।

XI- वस्तुओं के ब्राण्ड से संबंधित – पत्र ।

XII- निविदाकार फर्म का नाम किसी भी विभाग में काली सूची (Blacklist) में नहीं होने का घोषणा–पत्र ।

11. निविदा के साथ संलग्न किये गए दस्तावेजों का उनके जारीकर्ता विभाग से सत्यापन कराया जा सकता है। सत्यापन के दौरान यदि दस्तावेज फर्जी अथवा गलत पाये जाते हैं, तो संबंधित व्यापारी का ठेका निरस्त कर उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

12. निविदा में दर्शाई गई सामग्री की मात्रा अनुमानित है। आवश्यकता पड़ने पर सामग्री की मात्रा कम या अधिक की जा सकती है। सफल निविदाकर्ता को निर्धारित अवधि में सामग्री का प्रदाय स्वीकृके अनुरूप करना होगा । कोई भी सामग्री उपरोक्तानुसार न होने पर स्वीकार नहीं की जाएगी। अस्वीकृत माल ठेकेदार को अपने व्यय से तुरंत वापस ले जाकर, नमूने अनुसार माल प्रदाय करना होगा। प्रदाय न करने पर खुले बाजार से माल क्रय किंया जाकर शासन को हुए अधिक व्यय की वसूली संबंधित ठेकेदार से की जाएगी। यह वसूली भू–राजस्व के बकाया के रूप में या उसकी जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि में से की जा सकेगी, साथ ही उसे भविष्य के लिए ब्लैक लिस्टेड करने हेतु कार्यवाई की जाएगी।

13. दवाईयां एवं चिकित्सीय सामग्रियों की निविदा हेतु निविदाकार को वैध ड्रग लायसेंस अपलोड करना आवश्यक है। जिन दवाओं में एक्सपायरी डेट निर्माता कंपनी द्वारा एक वर्ष से अधिक की नियत की गई हो, ऐसी दवाईयों की प्रदायगी में सामान्यतः एक्सपायरी डेट कम से कम एक वर्ष शेष होना आवश्यक है । दवाईयां एवं अन्य चिकित्सीय सामग्री ठेके में, एम.आर.पी. से अधिकतम डिस्काउंट देने वाले निविदाकार की निविदा स्वीकृत की जाएगी। निविदाकारों को अस्पताल में भर्ती बंदियों तथा जेल में गंभीर रूप से बीमार बंदियों हेतु मांग किये जाने पर तत्काल दवाईयों की पूर्ति करनी होगी ।

14. निविदा में उल्लेखित सभी वस्तुएं शासकीय / अर्धशासकीय / शासन द्वारा अधिकृत संस्थाओं द्वारा प्रदाय न करने की स्थिति में ही, स्वीकृत निविदाकारों से क्रय की जाएगी।

15. जिस निविदाकार की निविदा जेल क्रय समिति द्वारा स्वीकार करने की अनुशंसा की गई हो, उसे 10 दिवस के अंदर पंजीयन एवं स्टांप (वाणिज्यिक कर) विभाग मध्य प्रदेश के निर्धारित स्टांप शुल्क अनुसार नॉन ज्युडिशियल स्टांप पर करारनामा भरना होगा, जिसकी प्रति संबंधित जेल के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

16. सशर्त निविदा मान्य नहीं की जाएगी। ठेके की शर्तो के क्रियान्वयन के लिये सफल निविदाकर्ता, निविदा में लेख रकम के बराबर का शोध क्षमता प्रमाण–पत्र या उसके बदले में निविदा की रकम के 03 प्रतिशत तक निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) डिमांड ड्राफ्ट / मियादी जमा रसीद / बैंकर्स चौक / बैंक गारंटी / Irrevocable के रूप में देगा, बैंक गारंटी का सत्यापन संबंधित बैंक से कराया जाएगा। प्रतिभूति की राशि जेल अधीक्षक के नाम से देय होगी। 03 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि निविदा स्वीकृत होने के 10 दिवस के अंदर जमा करनी होगी।

17. निविदा महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश के अनुमोदन उपरांत ही मान्य होगी। निविदा खुलने के बाद, यदि न्यूनतम दर वाली निविदाकर्ता (L1) निविदा वापस लेते हुये करारनामा भरने एवं निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जमा करने से

इंकार करता है, तो उसका टेंडर निरस्त करते हुये उसके द्वारा जमा की गई 3 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (Earnest Money Deposit) की राशि जप्त कर ली जाएगी और संबंधित खंड / सामग्री की निविदा पुनः आमंत्रित की जाएगी।

18. सफल निविदाकर्ता को समस्त पूर्तियां समझौते के अनुसार किश्तों में आवश्यकतानुसार दैनिक /साप्ताहिक/पाक्षिक /मासिक इन्डेंट के आधार पर संबंधित जेल के गेट पर करनी होंगी। इसके लिये कोई अतिरिक्त भाड़ा देय नहीं होगा। इंडेट प्राप्त करने की जवाबदारी निविदाकार की होगी।

19. प्रत्येक निविदाकार को पत्राचार करने के लिए अपने अधिकृत मोबाइल नम्बर / Whatsapp Number / Email ID देना अनिवार्य होगा। जिन निविदाकारों ने निविदा प्रस्तुत करते समय फर्म के प्रिटेंड लेटर पेड पर मोबाइल नम्बर / Whatsapp Number / Email ID में से कोई एक भी अंकित किया है, तो उसे भी मान्य किंया जावेगा। उक्त अधिकृत माध्यमों पर दी गई सूचना सभी प्रयोजनों के लिए मान्य होगी।

20. देयकों का भुगतान संबंधित जेल द्वारा ई–पेमेंट के माध्यम से किया जाएगा। सामग्री के भुगतान के समय नियमानुसार जो भी कर काटने योग्य होगा, काटा जाएगा। विशेष परिस्थिति में भुगतान हेतु डिमांड ड्राफ्ट /बैंकर्स चौक पर बैंक का कमीशन भी व्यापारी से काटा जाएगा। देयकों के भुगतान में विलंब होने के कारण वस्तुओं का प्रदाय रोकने का अधिकार ठेकेदार को नहीं होगा ।

21. महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं मध्यप्रदेश को संबंधित जेल की क्रय समिति द्वारा अस्थाई रूप से स्वीकार की गई निविदा की पुष्टि करने या अभिलिखित कारणों के आधार पर उसे अंशतः स्वीकृत या नामंजूर करने का अधिकार है।

22. निविदा तथा करारनामें के अनुसार पूर्ति के संबंध में सभी विवाद संबंधित जेल के जिले में स्थित सक्षम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होंगे।

अधीक्षक
सब जेल अमरवाड़ा
जिला छिंदवाड़ा

जेल अधीक्षक
सब जेल अमरवाड़ा मध्यप्रदेश.

# कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म0प्र0

## निविदा सूचना चतुर्थ बार

## ई–निविदा ठेका वर्ष 2026–27

## //नियम–6 देखिये//

अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा विहित फार्म में सील बंद निविदाएँ निम्नलिखित सामग्रियों को ठेके पर क्रय के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है । यह दिनांकः–29.05. 2026 को अपरान्ह 05.30 बजे तक सब जेल अमरवाडा में आमंत्रित की जाती है।

### वार्षिक ठेका खण्ड 1 – दवाईयॉ

| क्र0 | वस्तु का नाम | मात्रा | कीमत |
|---|---|---|---|
| 1 | दवाईयॉ (जेनरिक) | 50 प्रकार की दवाईयॉ | 75,000/– |
| 2 | दवाईयॉ ब्राण्डेड स्थानीय बाजर से क्रय कर( चिकित्सकों द्वारा लिखे जाने पर) | 100 प्रकार की दवाईयॉ | 60,000/– |
| 3 | सर्जिकल | 15 प्रकार की | 20,000/– |
| 4 | सेनिटाईजर | 50 लीटर | 15000/– |
| 5 | मास्क | 2000 नग | 10000/– |
| 6 | हेण्ड ग्लाब्स | 100 जोड | 2000/– |
| 7 | पैथोलॉजिकल टेस्टिंग सामग्री | 10 प्रकार के | 20000/– |

अधीक्षक
सब जेल अमरवाडा
जिला छिंदवाडा

# वार्षिक ठेका खण्ड 2– विघुत सामाग्री

| क्र0 | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | एल0ई0डी बल्व (23 वॉट) | 50 नग |
| 2 | एल0ई0डी बल्व (15 वॉट ) | 50 नग |
| 3 | वॉयर बंडल ( 1/18 कॉपर) | 05 बंडल |
| 4 | वॉयर बंडल (1/18 एल्युमीनियम) | 05 बंडल |
| 5 | होल्डर | 20 नग |
| 6 | स्विच | 20 नग |
| 7 | पावर प्लग | 20 नग |
| 8 | मोटर वाईडिंग पंखे | 20 नग |
| 9 | मोटर वाईडिंग ट्युब वेल | 02 नग |
| 10 | स्टार्टर ट्युब वेल | 04 नग |
| 11 | कटआऊट 15 एम्पीयर | 25 नग |
| 12 | कन्डेंशर | 20 नग |
| 13 | विघुत टेप | 25 नग |
| 14 | एल0ई0डी0 50 वाट | 10 नग |

अधीक्षक
सब जेल अमरवाड़ा
जिला छिंदवाड़ा

# वार्षिक ठेका खण्ड 3 - भवन मरम्मत / निर्माण सामग्री

| क्र0 | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | रेत | 1 ट्रक |
| 2 | गिट्टी | 1 ट्रक |
| 3 | सीमेंट | 50 बैग |
| 4 | लोहा | 5 क्विंटल |
| 5 | सेंटरिग तार | 10 किलो |
| 6 | कीले 1.5 इंच | 2 किलो |
| 7 | ईंट | 5000 नग |
| 8 | लोहा जाली | 1000 फीट |
| 9 | मच्छर जाली | 250 फीट |
| 10 | फैंसिग तार | 2000 फीट |
| 11 | लोहे के पाईप 2.5 इंच | 50 नग |
| 12 | लोहे के पाईप 3 इंच | 50 नग |
| 13 | पीवीसी पाईप 2 इंच | 50 नग |
| 14 | पीवीसी पाईप 3 इंच | 50 नग |
| 15 | पीवीसी पाईप 4 इंच | 50 नग |

अधीक्षक
उप जेल अमरवाड़ा
जिला छिंदवाड़ा

# कार्यालय, अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.

**E mail -Jssjamarwara@mp.gov.in,**

क्रमांक / 676 / निर्वाह / **2026** अमरवाडा , दिनांक 12/05/26

**ई–टेण्डरिंग चतुर्थ निविदा वित्तीय वर्ष 2026–27**

**mptenders.gov.in के माध्यम से ई–निविदा सूचना ( चतुर्थ आमंत्रण)**

जेल मुख्यालय, म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक 2956 / निर्वाह शाखा / 2025, दिनांक 24.12.2025 एवं अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर का पत्र क्रमांक 6762 / निर्वाह शाखा / 25, दिनांक 24.12.2025 निर्देशानुसार कार्यालय अधीक्षक, सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा जेल में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम– 1968 तथा म0प्र0 भण्डार क्रय नियम–2015 (यथा संशोधन –2022) के तहत **खण्ड–1 दवाईयॉ खण्ड–2 विघुत सामग्री एवं खण्ड –3 भवन निर्माण /मरम्मत सामग्री** की चतुर्थ वार्षिक निविदाएं ई–टेंडर के माध्यम से दिनांक 29.05.2026 को शाम 05:30 बजे तक www.mptenters.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :–

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 14.05.2026 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| प्रिबिड मीटिंग | 20.05.2026 | कार्यालय सब जेल अमरवाडा |
| ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म की निविदा हेतु 1000/– रूपये प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056–800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा किया जाएगा। | 27.05.2026 को समय 05:30 बजे तक | **mptenders.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29.05.2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक | वेवसाईट **mptenders.gov.in** पर स्वीकार की जावेगी। |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 30.05.2026 को प्रातः 11.30 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा ,म.प्र. |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि | 01.06.2026 को दोपहर 11:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenters.gov.in बेवसाईड से पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

अधीक्षक
सब जेल, अमरवाडा
अधीक्षक
सब जेल अमरवाडा
जिला छिंदवाडा

# कार्यालय, अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.

**E mail –Jssjamarwara@mp.gov.in,**

क्रमांक / 677 / निर्वाह / **2026** अमरवाडा दिनांक 12/05/26

प्रति,

संचालक,
सूचना एवं प्रकाशन विभाग,
जनसंपर्क भवन,
वाणगंगा मध्यप्रदेश, भोपाल

विषय :– सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. की चतुर्थ वार्षिक ई–निविदा सूचना वर्ष **2026-2027** को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने बावत् ।

संदर्भः– जेल मुख्यालय भोपाल का पत्र क्रमॉक 2956 / निर्वाह शाखा / 2025 दिनॉक 24.12.. 2025 एवं जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक 6762 / निर्वाह / 2025 नरसिंहपुर, दिनांक 24.12.2025

उपरोक्त विषयांतर्गत अनुरोध है कि सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा में परिरूद्ध बंदियों हेतु आवश्यक दवाईयाँ, विघुत सामग्री एवं अन्य सामग्रियों की वार्षिक तृ चतुर्थ ई–निविदाये दिनॉक **29.05.2026** को शाम **05.30** बजे तक आमंत्रित की गई है। दिनांक **30.05.2026** को प्रातः **11:30** बजे तक तकनीकी निविदा ऑन लाईन दस्तावेज क्रय समिति के सत्यापन के बाद दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर एवं **दिनांक 01.06.2026** को प्रातः **11:30** बजे वित्तीय निविदाये ई–टेन्डरिंग के द्वारा खोली जायेगी।

ई–निविदा सूचना की पॉच प्रतियां संलग्न कर अनुरोध है कि इसका प्रकाशन मध्यप्रदेश के ख्याति प्राप्त किसी तीन दैनिक समाचार पत्र एवं स्थानीय स्तर के दो दैनिक समाचार पत्रों में आव यक रूप से प्रकाशित करवाने का कष्ट करें ।

संलग्न :– निविदा सूचना **05** प्रतियॉ।

**अधीक्षक**
अधीक्षक
**सब जेल अमरवाडा**
सब जेल अमरवाडा
**जिला छिंदवाडा**

पृष्ठांकन क्रं. / निर्वाह / 2026 अमरवाडा दिनॉक

प्रतिलिपि :–

1. महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाऍ, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।( संलग्न 01 प्रतियॉ )
2. जनसंपर्क अधिकारी, जिला जनसंपर्क कार्यालय, छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ प्रेषित एवं निवेदन है कि निविदा का स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराने का कष्ट करें।
3. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरवाडा की ओर निविदा की प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
4. तहसीलदार अमरवाडा की ओर निविदा की एक प्रति प्रेषितकर अनुरोध है कि निविदा में उल्लेखित सामाग्रियों के स्थानीय बाजार भाव दिनॉक 11.05.2026 के एक दिवस पूर्व इस कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। आपके द्वारा प्रचलित बाजार भाव नियत दिनॉक को उपलब्ध ना कराने की स्थिति में निविदा की कार्यवाही की जाना संभव नही होगी, जिससे शासकीय धन का अपव्यय होगा। साथ ही निविदा की एक अतिरिक्त प्रति सूचना पटल में चस्पा करने हेतु।

5. मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरवाडा, की ओर निविदा की एक प्रति प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।
6. प्रबंधक, कृषि उपज मण्डी समिति अमरवाडा की ओर प्रचार प्रसार हेतु।
7. प्रबंधक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
8. प्रबंधक, मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ ।
9. प्रबंधक, लघु उद्योग निगम छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ ।
10. प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिन्दवाड़ा की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/व्यवसायियों को सूचित करने का कष्ट करें।
11. पंजीयक सहकारी समिति अमरवाडा की ओर भेजकर निवेदन है कि समस्त सहकारी समितियों को निविदा से अवगत कराने का कष्ट करें।
12. जिला ड्रग कन्ट्रोलर छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
13. अधीक्षक, केन्द्रीय जेल जबलपुर, नरसिंहपुर, होशंगाबाद, भोपाल, सतना, सागर एवं जिला जेल छिन्दवाडा , जिला जेल सिवनी, बालाघाट, बैतूल, दमोह, कटनी, शहडोल, मंडला तथा सब जेल लखनादौन, वारासिवनी, बैहर,, पाटन, सिहोरा, पिपरिया की ओर निविदा की एक प्रति व्यापारियों से टीप करवाकर वापस भेजने हेतु प्रेषित।
14. स्थानीय व्यापारियों को टीप कराने हेतु प्रेषित।
15. सब जेल अमरवाडा के सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु प्रेषित।

अधीक्षक
सब जेल अमरवाडा
जिला छिंदवाड़ा

अधीक्षक
सब जेल अमरवाडा

Signature Not Verified
Digitally signed by RAM NARAYAN NAG
Date: 2026.05.16 17:12:29 IST
Location: Madhya Pradesh-MP